# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
वेबसाइटः- bsbccl.bihar.gov.in

BSBCCL

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company
(A Government of Bihar Undertaking)
Website:- bsbccl.bihar.gov.in

Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513

पत्रांक–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–424/2022 (प्रशासन) दिनांक–

कार्यालय आदेश संख्या–34/2022

गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार सरकार एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा सभी विभागों एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को Biometrics Attendance प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज किये जाने के संदर्भ में आवयश्क दिशा–निदेश दिया गया है।

**2.** बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 के निगम मुख्यालय कार्यालय, पटना में कार्यरत सभी स्तर के पदाधिकारी/कर्मचारी दिनांक–01.11.2022 के प्रभाव से Biometrics Attendance प्रणाली द्वारा उपस्थिति प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मचारी Biometrics Attendance System से संबंधित मशीन अधिष्ठापित होने के उपरान्त दिनांक–01.12.2022 के प्रभाव से उपस्थिति प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे।

**3.** परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पी0आई0यू0) के सम्बद्ध जिला में पदस्थापित सहायक महाप्रबंधक (तकनीकी) एवं कनीय अभियंता (असैनिक) द्वारा संबंधित पी0आई0यू0 मुख्यालय में अधिष्ठापित Biometrics Attendance प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाएगी। सहायक महाप्रबंधक (तकनीकी) एवं कनीय अभियंता (असैनिक) द्वारा अपने–अपने कार्यक्षेत्र वाले जिला में रहने के कारण जिस कार्यदिवस में उपस्थिति दर्ज नही कर पायेंगे तो उक्त तिथि/अवधि में Biometrics Attendance में स्थित Tour option का विकल्प का उपयोग कर उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे ताकि किसी भी स्थिति में अनाधिकृत उपस्थिति की पहचान किया जा सके। साथ ही वेतन भुगतान के समय संबंधित उप महाप्रबंधक स्वयं संतुष्ट हो लेंगे कि सहायक महाप्रबंधक (तकनीकी) एवं कनीय अभियंता (असैनिक) द्वारा नियमानुकूल संबंधित माह में कार्य किया गया हो।

**4.** सभी नियंत्री पदाधिकारी को निदेश है कि वर्णित प्रावधान के आलोक में दर्ज उपस्थिति के आधार पर कर्मियों का वेतन भुगतान की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। महाप्रबंधक (प्रशासन) Biometrics Attendance प्रणाली को निगम मुख्यालय कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में लागू करने के संदर्भ में समय–समय पर पर्यवेक्षण से संबंधित कार्य करते रहेंगे।

उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(मुख्य महाप्रबंधक)

ज्ञापांक– 3633 पटना/दिनांक– 01/11/22

प्रतिलिपिः–सभी महाप्रबंधक/कम्पनी सचिव/सभी क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक/परियोजना प्रबंधक/आई0टी0 मैनेजर/निगम मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों मे कार्यरत सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0टी0 मैनेजर को निदेश है कि सभी नौ क्षेत्रीय कार्यालयों में Biometrics Attendance System से संबंधित मशीन इत्यादि अधिष्ठापित करने की सम्पूर्ण कार्रवाई दिनांक–30.11.2022 तक निश्चित रूप से कर लिया जाए।

1-11-22
(मुख्य महाप्रबंधक)